दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 14 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा – अहमदाबाद विमान हादसे की जांच प्रक्रिया अगले तीन महीने में पूरी कर ली जाएगी।

02. राज्य सरकार ने अठारह आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया। छह जिलों– पटना, जहानाबाद, जमुई, पूर्णिया, समस्तीपुर और सुपौल के पुलिस अधीक्षक बदले गए।

03. एनटीए ने मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट–यूजी का परिणाम जारी किया। राजस्थान के हनुमानगढ़ के महेश केसवानी बने टॉपर।

04. और, मौसम विभाग ने कल से राज्य के उत्तरी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि अहमदाबाद विमान हादसे की जांच प्रक्रिया अगले तीन महीने में पूरी कर ली जाएगी। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री नायडू ने कहा कि उनका मंत्रालय इस हादसे के हर पहलू की जांच कर रहा है। उन्होंने बताया कि विमान में साढ़े छह सौ फीट की ऊंचाई पर खराबी आई थी और पायलट ने इमरजेंसी की सूचना दी थी। इधर, विमान के पिछले हिस्से से आज एक और शव बरामद किया गया। इसके बाद हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो सौ पचहत्तर हो गई है। इनमें दो सौ इकतालीस यात्री और चालक दल के सदस्य तथा चौंतीस बी.जे. मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के डॉक्टर, छात्र, कर्मचारी और अन्य लोग शामिल हैं। शवों का पोस्टमार्टम कर उनके परिजनों को सौंपा जा रहा है।

---

एयर इंडिया अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को तत्काल वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए पच्चीस–पच्चीस लाख रुपये की सहायता देगी। यह सहायता हादसे में बचे एक मात्र जीवित यात्री को भी दी जाएगी। यह राशि टाटा संस द्वारा पहले ही घोषित एक करोड़ रुपये की सहायता के अतिरिक्त है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के रूख को वैश्विक समर्थन मिला है। श्री प्रसाद फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, बेल्जियम और जर्मनी के दौरे के बाद आज पहली बार पटना आए थे। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर विभिन्न देशों के दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडलों ने भारत के रूख को विश्व समुदाय के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि सभी देशों ने एकजुट होकर आतंकवाद का विरोध किया और भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की। श्री प्रसाद ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के रिश्तों के बीच तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं होगी।

———बाइट———

---

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का समग्र विकास हो रहा है। आज गोपालगंज में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की।

———बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा है कि बीस जून को सीवान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली जनसभा ऐतिहासिक होगी। आज सीवान में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री दूबे ने कहा कि अपने इस दौरे के क्रम में श्री मोदी बिहार को कई सौगत देंगे। प्रधानमंत्री के ग्यारह वर्षों के कार्यकाल का जिक्र करते हुए श्री दूबे ने कहा कि इस अवधि में देश ने विकास की एक नई कहानी लिखी है।

———बाइट———

---

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के अठारह अधिकारियों को तबादला कर दिया है। इनमें पटना, जहानाबाद, जमुई, पूर्णिया, समस्तीपुर और सुपौल के पुलिस अधीक्षक भी शामिल हैं। कार्तिकेय के. शर्मा पटना के नये वरीय पुलिस अधीक्षक होंगे। उन्होंने अवकाश कुमार का स्थान लिया है, जिनका तबादला बीएमपी– वन में समादेष्टा के पद पर किया गया है। स्वीटी सहरावत को पूर्णिया का, अरविन्द प्रताप सिंह को समस्तीपुर और शरथ आर. एस. को सुपौल का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

इसके अलावा विनीत कुमार जहानाबाद के और विश्वजीत दयाल जमुई के नये एसपी बनाए गए हैं।

---

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि यदि कोई अपराधी पुलिस पर हमला करेगा, तो पुलिस उसका उचित जवाब देगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्रवाई होने पर अपराधी बचने के लिए गोली चला देते हैं, ऐसे में पुलिस के पास भी गोली चलाने का ही विकल्प बचता है।

———बाइट———

---

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट–यूजी का परिणाम जारी कर दिया है। राजस्थान के हनुमानगढ़ के महेश केसवानी टॉपर बने हैं। वहीं, इंदौर के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को तीसरा स्थान हासिल हुआ है। स्कोर कार्ड परीक्षा की आधिकारिक वेबसाइट–एनटीएनीट डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है। उम्मीदवार अपने स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं और आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से मेरिट सूची देख सकते हैं। परीक्षा का आयोजन चार मई को हुआ था।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चार से पांच दिनों में बिहार में मॉनसून दस्तक दे सकता है। विभाग द्वारा जारी विशेष बुलेटिन में कहा गया है कि राज्य में मॉनसून के प्रसार की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी हैं। कल से उत्तर बिहार में बारिश की गतिविधियां शुरू हो जाएगी और बीस जून तक पूरे राज्य में बारिश की संभावना है। इस दौरान आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। इधर, आज भी प्रदेश में भीषण गर्मी की स्थिति बनी रही। गोपालगंज, सुपौल, फारबिसगंज, पूर्णिया और पटना में गर्म और आर्द्र दिवस की स्थिति बनी रही। बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

निर्वाचन आयोग के सहायक निदेशक अपूर्व कुमार सिंह ने कहा है कि आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव में तेईस प्रकार की नई पहल को लागू करने का फैसला किया है। इससे मतदाताओं को काफी सुविधा होगी, मतदान प्रतिशत में सुधार होगा और अधिक जवाबदेही लाने में मदद मिलेगी। श्री सिंह आज पटना में सरकार की विभिन्न मीडिया इकाईयों के साथ हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधान सभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता अभियान के नये संस्करण 2.0 में कई तकनीकी पहल और सोशल मीडिया के व्यापक प्रयोग देखने को मिलेंगे।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता मंगनी लाल मंडल पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष होंगे। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र प्रत्याशी के रुप में श्री मंडल ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। कल नामांकन पत्र की जांच होगी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि भी कल है। यदि नामांकन सही पाया गया उन्नीस जून को विधिवत रूप से मंगनी लाल मंडल को प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया जाएगा। इस बीच, पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि मंगनी लाल मंडल की पहचान एक समाजवादी नेता के रूप में रही है और उनके नेतृत्व में पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

———बाइट———

---

आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा है कि योग वैश्विक कल्याण के प्रति भारत की महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित करता है। नई दिल्ली में वैश्विक शिखर सम्मेलन—योग कनेक्ट में श्री जाधव ने कहा कि योग भारत की ओर से विश्व शांति के लिए पूरे संसार को एक उपहार तथा विरासत है। उन्होंने कहा कि योग सिर्फ बीमारियों से बचाव ही नहीं करता बल्कि रोजगार के नये अवसर भी प्रदान करता है।

———बाइट———

योग डायबिटीज के प्रावधान, ह्रदय स्वास्थ्य में सुधार और यहां तक कि कैंसर रोगियों और बुजुर्गों को उनकी बीमारी से बेहतर तरीके से निपटने में मददगार है। योग सिर्फ आध्यात्मिक और ध्यान का ही अभ्यास नहीं है बल्कि यह स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के अपार अवसर भी प्रदान करता है।

इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि योग धर्म, लिंग और भाषा की सीमाओं से परे है।

———बाइट———

योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है। ये मन, शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और पूर्ति, मनुष्य और प्रकृति के बीच में सामंजस्य, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का प्रतीक है।

इधर, पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में खिलाड़ियों के लिए योगाभ्यास सत्र की शुरुआत हुई। यह आयोजन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और बिहार योग विद्यालय मुंगेर द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

---

खगड़िया के पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने अलौली थाना में पदस्थापित परीक्ष्यमान पुलिस अवर निरीक्षक मनीष कुमार को लाईन हाजिर कर दिया है। उस पर एक व्यक्ति को शराबंदी कानून में फंसाने का धमकी देकर तीस हजार रिश्वत लेने का आरोप है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र के मीनापुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक साइबर ठग गिरोह के सरगना अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है। उसके घर से पंद्रह लाख रूपये, अलग—अलग बैंकों के तेरह एटीएम कार्ड और आठ पासबुक समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गए।

---

नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिकसौरा में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से भारी मात्रा में निर्मित—अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा – अहमदाबाद विमान हादसे की जांच प्रक्रिया अगले तीन महीने में पूरी कर ली जाएगी।

02. राज्य सरकार ने अठारह आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया। छह जिलों– पटना, जहानाबाद, जमुई, पूर्णिया, समस्तीपुर और सुपौल के पुलिस अधीक्षक बदले गए।

03. एनटीए ने मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट–यूजी का परिणाम जारी किया। राजस्थान के हनुमानगढ़ के महेश केसवानी बने टॉपर।

04. और, मौसम विभाग ने कल से राज्य के उत्तरी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।